Class - 8
Subject - HINDI
पाठ – 8 मिठाईवाला – श्री भगवती प्रसाद बाजपेयी

मौखिक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. किसका गान सुनकर घरों में हलचल मच जाती थीं?

उत्तर खिलौनेवाला का गान सुनकर घरों में हलचल मच जाती थीं।

ख. खिलौनेवाला क्या कहकर बच्चों को बुलाता था?

उत्तर "बच्चों को बहलानेवाला, खिलौने वाला"! – कहकर खिलौने वाला बच्चों को बुलाता था।

ग. चुन्नू और मुन्नू के पिता का क्या नाम था?

उत्तर चुन्नू और मुन्नू के पिता का नाम राय विजय बहादुर था।

घ. क्या मिठाईवाला, खिलौनेवाला और मुरलीवाला एक ही व्यक्ति था?

उत्तर हाँ, मिठाईवाला, खिलौनेवाला और मुरलीवाला एक ही व्यक्ति था।

3. लिखित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. खिलौनेवाला गलियों में क्या गाता हुआ घूम रहा था?

उत्तर खिलौनेवाला गलियों में गाता हुआ घूम रहा था – "बच्चों को बहलानेवाला, खिलौने वाला"!

ख. विजय बाबू ने मुरली के दाम सुनकर मुरलीवाले से क्या कहा?

उत्तर विजय बाबू ने मुरली के दाम सुनकर मुरलीवाले से कहा कि – "तुम लोगों की झूठ बोलने की आदत होती है। देते होंगे सभी को दो–दो पैसे में, पर एहसान का बोझ मेरे ऊपर लाद रहे हो।"
उसके स्पष्टीकरण के बाद उन्होंने उससे दो मुरलियाँ निकालकर देने को कहा।

ग. मिठाईवाले की आवाज सुनकर रोहिणी को क्या लगा और उसने क्या किया?

उत्तर मिठाईवाले की आवाज सुनकर रोहिणी को लगा कि यह आवाज उसकी सुनी हुई है। खिलौनेवाला एवं मुरलीवाला की आवाज भी ऐसी ही थी। शायद वही हो, यह सोचकर उसने वृद्धा दादी से उसे बुलाने के लिए कहा। उसके आने पर उसने चुन्नू और मुन्नू के लिए चार पैसे की मिठाई ली और उसके संबंध में अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए उससे अपने बारे में बताने का अनुरोध किया।

घ. रोहिणी ने दादी से क्या कहा?

उत्तर रोहिणी ने दादी से कहा – "दादी! चुन्नू–मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है। जरा कमरे में चलकर ठहराओ तो। मैं उधर कैसे जाऊँ, कोई आता न हो। जरा हटकर मैं भी चिक की ओट में बैठी रहूँगी।"
दादी के द्वारा मोल–भाव करने के समय उसने कहा – "दादी, फिर भी काफी सस्ता दे रहा है। चार पैसे की ले लो। ये रहे पैसे।"
फिर उसने दादी से कहा – "दादी! इससे पूछो, तुम इस शहर में और भी कभी आए थे या पहली बार आए हो। यहाँ के निवासी तो तुम हो नहीं।"

ङ मिठाईवाले ने रोहिणी को अपने बारे में क्या बताया?

उत्तर मिठाईवाले ने रोहिणी को अपने बारे में बताया कि वह भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठित आदमी था। मकान, व्यवसाय, गाड़ी–घोड़े, नौकर–चाकर सभी कुछ उसके पास था। स्त्री थीं, छोटे–छोटे दो बच्चे भी थे। उसका वह सोने का संसार था। सुख–संपत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था। पारिवारिक जीवन का भरपूर आनंद उसे मिल रहा था। किन्तु, दुर्भाग्य से अब कोई नहीं था। प्राण निकाले नहीं निकले। घर में शोकमग्न रहता तो घुट–घुटकर मरता। इसी कारण बच्चों की चीजें बेचने के बहाने वह निकलता है। आखिर उसके बच्चे भी तो कहीं–न–कहीं जन्में होंगे और उन्हीं बच्चों के बीच ही कहीं होंगे। उन बच्चों में अपने बच्चे

की झलक पाकर उसे असीम सुख प्राप्त होता है। पैसे की उसे कमी नहीं है। जो नहीं है, इस तरह उसी को वह पाने का प्रयास करता है।

च. मिठाईवाला तथा राय विजय बहादुर की माँ के बीच हुई बातचीत को अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर रोहिणी के कहने पर राय विजय बहादुर की माँ मिठाईवाले को आवाज देकर बुलाती है। वह आता है और अपनी मिठाई की विशेषताएँ बताते हुए पूछता है कि "माँ, कितनी मिठाई दूँ।" साथ ही यह भी बताता है कि पैसे की सोलह मिठाईयाँ देता है।

राय विजय बहादुर की माँ पच्चीस देने के लिए कहती हैं। मिठाईवाला अपनी मजबूरी बताते हुए इंकार कर देता है।

रोहिणी के कहने पर वह मिठाईयाँ गिनने लगता है तभी राय विजय बहादुर की माँ कहती हैं कि "अच्छा पच्चीस न सही बीस ही दे दो।" अपने पोपले मुँह पर जरा सी मुस्कराहट बिखेरते हुए वह कहती हैं कि वह तो बूढ़ी हो गई हैं, उन्हें ज्यादा मोल–भाव करना आता भी नहीं।

.

4. मूल्यपरक प्रश्न

क. मिठाईवाला इस तरह का जीवन क्यों जीता था? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

उत्तर मिठाईवाला एक संपन्न व्यक्ति था। पैसे की कोई कमी नहीं थी। हाँ, पत्नी और बच्चे के काल–कवलित होने का दुख उसे था। उसी दुख से छुटकारा पाने और दूसरे बच्चों में अपने बच्चे की छवि देखकर आत्म–तृप्ति के उद्देश्य से वह खिलौनेवाला, मुरलीवाला या मिठाईवाला बनकर गली–गली घूमता था। फेरीवाले का जीवन वह आत्मसुख एवं संतुष्टि के लिए जीता था।

5. सही विकल्प के सामने शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए –

क. बच्चे क्या लेकर उछलने–कूदने लगते हैं?

खिलौने | मिठाई | बाँसुरी

उत्तर खिलौने

ख. विजय बाबू क्या पढ़ रहे थे?

किताब | समाचार–पत्र | कहानी

उत्तर समाचार–पत्र

ग. मुरलीवाले ने विजय बाबू को मुरली का सही दाम क्या बताया?

दो पैसे | तीन पैसे | चार पैसे

उत्तर तीन पैसे

घ. किनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था?

नौकरों की | बच्चों की | जानवरों की

उत्तर बच्चों की

6. किसने, किससे कहा?

उत्तर
क. रोहिणी ने, चुन्नू–मुन्नू से
ख. विजय बाबू ने, मुरलीवाले से
ग. विजय बहादुर ने, मुरलीवाले से
घ. रोहिणी ने, दादी से